सभी पंचायतों में फॉर्म पौंड तैयार कर बरसाती पानी का संग्रहण करें : कलेक्टर

बीकानेर,(कासं)। ग्रामीण विकास, पंचायती राज और जलग्रहण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक शनिवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी 364 ग्राम पंचायतों में कम से कम एक हजार ऐसे फॉर्म पौंड तैयार किए जाएं, जिन्हें रूफ टॉप वाटर सिस्टम जोड़कर बरसाती पानी का संग्रहण किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत पौधशालाएं (नर्सरी) मानसून से पहले चालू करने के निर्देश दिए। जिससे पौधारोपण के लिए स्थानीय स्तर पर ही पौधे प्राप्त हो सकें। उन्होंने सभी नर्सरियां चालू करते हुए इनके फोटो उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर नरेगा श्रमिकों की हाजरी में अनियमितता को गंभीरता से लिया और दो विकास अधिकारियों को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक से समन्वय करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की एकल महिलाओं का चिन्हीकरण किया जाए तथा उन्हें मनरेगा की व्यक्तिगत लाभ के कार्यों से प्राथमिकता से जोड़ा जाए। जिला कलेक्टर ने विधायक और सांसद स्थानीय विकास कार्यक्रम के तहत स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कार्यों की तकनीकी स्वीकृतियां जारी करने और वर्ष 2023-24 के कार्य अगली बैठक से पूर्व करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की बकाया स्वीकृतियां और प्रथम किस्त आगामी सात दिनों में जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायतों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला स्तर से टीमें बनाकर इसका क्रॉस वेरिफिकेशन करवाया जायेगा। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने अमृत सरोवर फेज 2, हरियालो राजस्थान अभियान के तहत होने वाले पौधारोपण की तैयारियों, स्कूलों में चार दिवारी, शेड और शौचालय निर्माण, मनरेगा के तहत नियोजित श्रमिकों की संख्या, पेंडिंग जीओ टैग, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तहत बकाया सीसी, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, पिंक टॉयलेट निर्माण, सीएम जिला नवाचार निधि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग व जलग्रहण योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- **कलेक्टर ने जानी योजनाओं की प्रगति, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा की**
- **नरेगा श्रमिकों की हाजरी में अनियमितता पर दो विकास अधिकारियों को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए**

जिला कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में वाचनालय निर्माण प्रगति, स्वामित्व योजना, विमुक्त घुमंतू और अर्द्ध घुमंतु वर्ग के आवासहीन व्यक्तियों के भूखंड आवंटन प्रगति तथा श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत रसोई घरों की स्थिति सहित ग्रामीण विकास और पंचायती राज से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास और पंचायती राज से जुड़े सभी अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

रंग-रोगन करने वालों ने 14 लाख के गहने चुराये

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां खालसा नगर में स्थित मकान में रंग-रोगन करने आये तीन लोगों ने करीब 14 लाख रूपए के आभूषण चोरी कर लिए। मकान मालिक को इसकी जानकारी मिली।

इसके बाद कोतवाली थाना में क्षेत्र में पेंट का काम करने वाले कचोरी, उसके बेटे व बेटे के दोस्त के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वारदात को अंजाम देने वाले दोनों युवक फरार हैं। इनके नाम राजन व विक्टर बताए गए हैं। खालसा नगर निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि पुरानी आबादी में सुखवंत पैलेस के पास रहने वाले कचोरी को घर में रंग-रोगन का काम दिया था।

कचोरी ने अपने बेटे व एक अन्य लड़के के साथ 30 अप्रैल से 22 मई तक काम किया।

यह जानकारी नहीं है कि आरोपियों ने किस दिन वारदात को अंजाम दिया। मुकेश कुमार को बताया कि उन्हें चोरी का पता गुरूवार को चला जब परिवार के लोगों को लोगों को आभूषणों की जरूरत हुई। सभी जेवर बेड के पीछे लॉक करके रखे हुए थे।

परिवादी ने बताया कि बैड का लॉक टूटा हुआ था और इसमें रखे सोने के जेवर गायब थे। इनमें सोने की दो चूडि़यां, कड़ा, दो चैन, एक अंगूठी, कान की बालियां, टॉप्स, गणेशजी की मूर्ति, तीन कनोतियां, दो लॉकेट, पांच टॉप्स की जोड़ी, चार कोके शामिल हैं।

सार-समाचार

मॉकड्रिल में बीआरओ पर ड्रोन हमला

ऑपरेशन शील्ड के तहत हुई मॉकड्रिल में घायलों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

बीकानेर, (कासं)। शनिवार सायं 5 बजे श्रीगंगानगर रोड स्थित बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन कार्यालय (चेतक) में ड्रोन हमले की सूचना मिली। यह सूचना कलेक्ट्रेट के नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त हुई। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, चिकित्सा, नगर निगम, बीडीए और अग्निशमन सहित विभिन्न विभागों की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। इस दौरान गंभीर घायलों को तत्काल उपचार के लिए पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। साधारण घायलों को प्राथमिक उपचार मौके पर उपलब्ध करवाया गया। वहीं अन्य 20 को सुरक्षित स्थान पर भिजवाया गया। दरअसल केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के निर्देश अनुसार ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को मॉकड्रिल की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सौरव तिवाड़ी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिला कलेक्टर ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान सरकार की एसओपी की पूर्ण पालना की गई और अधिकारियों का रिस्पोंस टाइम बेहद कम रहा।

विजेता प्रतियोगी सम्मानित

विश्व दुग्ध दिवस पर विजेता प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर प्रो. हेमन्त दाधिच ने सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर एवं डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (बीछवाल) बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व दुग्ध दिवस 'आइये डेयरी की शक्ति का उत्सव मनाएं' थीम पर शनिवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित की। अति. कुलपति प्रो. हेमन्त दाधीच ने संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान दूध उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। राजस्थान के दुग्ध उत्पाद राजस्थान ही नहीं अपितु विदेशों में भी निर्यात किया जा रहा है। विश्व दुग्ध दिवस के उपलक्ष पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में खुशाल नेमीवाल प्रथम, भुवनेश चौहान द्वितीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में युवराज एवं दल प्रथम तथा अमन एवं दल द्वितीय रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यश पंवार विजेता तथा भुवनेश चौहान उपविजेता रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंकित तंवर प्रथम तथा दक्षा सिंह द्वितीय रही।

तीन साल कठोर कारावास की सजा

बीकानेर, (कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश (महिला उत्पीड़न मामले) ने 12 साल पहले नोखा के एक गांव में रात को घर में घुसकर महिला की लज्जा भंग करने के आरोपी को तीन साल के कठोर कारावास और 26 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। पीड़िता की ओर से 15 नवंबर, 13 को नोखा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई थी कि 14 नवंबर को वह अपने गांव के झोंपड़े में परिवार के साथ सो रही थी। इस दौरान रात को 11-12 बजे रासीसर में तालरियादास निवासी विजयपाल उर्फ बिजुराम बिश्नोई खिड़क से कूदकर अंदर घुसा और दुष्कर्म का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो मुंह दबा दिया। इस दौरान दादी जाग गई और लाइट जलाकर देखा तो आरोपी दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। दादी ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने दादी के हाथ पर दांतों से काट लिया। शोर सुनकर घर के अन्य लोग जाग गए और मौके पर पहुंच गए। पड़ौसी भी पहुंच गए और पुलिस को फोन किया गया।

नौ महीने बाद फिर कोरोना की एंट्री, पीबीएम अस्पताल में तीन पॉजिटिव

बीकानेर, (कासं)। यहां 10 अगस्त 2024 के बाद फिर कोरोना की एंट्री हो गई है। पीबीएम के आउटडोर में दिखाने आये तीन मरीजों के जांच में कोरोना पॉजिटिव आया है। इनके सर्दी जुकाम खांसी लम्बे समय से ठीक नहीं हो रहा था।

- **पीबीएम के मेडिसिन आउटडोर में शुक्रवार को आये मरीजों में से सात लोगों की कोरोना की जांच कराई गई थी, जिनमें से तीन पॉजिटिव आये हैं**

पीबीएम के मेडिसिन आउटडोर में शुक्रवार को आये मरीजों में से सात लोगों की कोरोना की जांच कराई गई थी, जिनमें से तीन पॉजिटिव आये हैं। तीनों ही पवनपुरी, जयपुर रोड वेस्ट तथा किस्मीदेसर गंगाशहर के हैं। इनके 15 दिन से सर्दी, जुकाम, बुखार की शिकायत थी। प्राइवेट इलाज से ठीक नहीं होने पर पीबीएम हॉस्पिटल दिखाने आए थे। इसके अलावा वार्डों में भर्ती मरीजों में से 26 के कोरोना की जांच कराई गई।

राहत की बात यह है कि इनमें से किसी की भी रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई है। पीबीएम हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार वर्मा का कहना है कि लम्बे समय तक यदि सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार की शिकायत है तो कोरोना की जांच करवानी चाहिए। इस साल शुक्रवार को ही पहली बार तीन पॉजिटिव केस ओपीडी के रिपोर्ट हुए हैं। यदि लगातार एक सप्ताह तक पॉजिटिव केस आते हैं तो इसके स्ट्रेन की जांच के लिए सैम्पल जयपुर भेजे जायेंगे। हालांकि नया स्ट्रेन बहुत ही नॉर्मल है। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है कोविड पॉजिटिव आने पर मरीज को सरकार की ओर से निर्धारित गाइडलाइन का पालन करना होगा। भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें। मुंह पर मास्क लगाकर रखें। हाथों को सेनिटाइजर या साबुन से अच्छी तरह धोते रहे। बातचीत में दूरी बनाकर रखें। राजस्थान में कम से कम 22 नए कोविड-19 मामले सामने आये हैं। दो मौतें हो चुकी हैं। जिनमें जयपुर में सबसे ज्यादा नौ मामले दर्ज किए गए।

कोरोना वायरस के बढ़ते केस के बाद हर किसी के मन में ये सवाल है कि कोरोना की चौथी लहर आ गई तो कितने दिन रहेगी? विशेषज्ञों के मुताबिक कोविड की चौथी लहर आती है तो उसका असर 21 से 28 दिन तक रहेगा। राहत की बात ये है कि ये लहर दूसरी लहर की तरह जानलेवा नहीं होगी। कोविड संक्रमण की संभावित वापसी के संकेतों के बीच बीकानेर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध ने बताया कि बीकानेर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे अत्यधिक आवागमन वाले स्थानों पर रैंडम सैंपलिंग और यात्रियों की जांच शुरू की जायेगी।

नाले के गंदे पानी से सब्जी बोने से परेशान

बीकानेर, (कासं)। पवनपुरी स्थित सुदर्शना नगर कॉलोनी में इन दिनों स्थानीय निवासियों को एक नई समस्या ने घेर लिया है। कॉलोनी से लगे गंदे नाले के किनारे स्थित एक खाली पड़ी विवादित जमीन पर कुछ भू-स्वामियों द्वारा सब्जी बोने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और कॉलोनी के वातावरण को लेकर गहरी चिंता है।

स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए बताया कि यह जमीन पहले से विवादित रही है। अब यहां गंदे पानी से सिंचित सब्जियों की खेती कर दी गई है, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। विरोध करने पर भू-स्वामी धमकाने और दबाव बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे कॉलोनी के लोग खासे डरे हुए हैं। इस मामले को लेकर कॉलोनी का एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम सिटी रमेश देव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मान सिंह, नरेन्द्र शर्मा, सुमेश शर्मा, राजकुमार, मनोज शर्मा, सुब्रत पांडे, अरूण सोलंकी आदि शामिल थे।

गंगाशहर अस्पताल में व्यवस्थाएं जांची

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर स्थित सैटेलाइट अस्पताल में सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुरेश कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया गया।

- **अस्पताल के ओपीडी कक्षों, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, प्रसूति विभाग, लेबर रूम, प्रयोगशाला, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी यूनिट्स का निरीक्षण किया**

अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि ने बताया कि यादव ने अस्पताल के ओपीडी कक्षों, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, प्रसूति विभाग, लेबर रूम, प्रयोगशाला, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी यूनिट्स सहित समस्त विभागों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने नेत्र विभाग के ऑपरेशन थिएटर, नवनिर्मित और निर्माणाधीन प्रसूति विभाग के ऑपरेशन थिएटर, वार्ड व प्रतीक्षालय का भी दौरा किया।

हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. वाल्मीकि ने अस्पताल की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्पताल को नागरिक परिषद द्वारा गोद लिया गया है और परिषद की ओर से लगातार संसाधन और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन उस अनुपात में चिकित्सकों और स्टाफ की भारी कमी है। अगर इस 50 बेडेड अस्पताल को 100 बेडेड में क्रमोन्नत किया जाए तो चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ी वृद्धि हो सकती है। डॉ. वाल्मीकि ने यह भी कहा कि प्रसूति विभाग में 24 घंटे डॉक्टर और स्टाफ की उपलब्धता अत्यावश्यक है ताकि जच्चा-बच्चा की चिकित्सा में कोई बाधा न आए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग की स्थायी चौकी की स्थापना, सीसीटीवी कैमरों का विस्तार और मरम्मत, लिफ्ट और पेयजल व्यवस्था के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करना, दवाईयों की समुचित उपलब्धता में सुधार के निर्देश दिए।

कमजोर पड़ा नौतपा, लगातार दो दिन बारिश

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान में इस बार नौतपा कमजोर पड़ गया है। पिछले दो दिनों से लगातार शाम के समय हल्की बारिश हो रही है। वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। नौतपा के कमजोर रहने से मानसून को लेकर आशंका होने लगी है। हालांकि माना जा रहा है कि तय समय से पहले बीकानेर में मानसून आयेगा।

- **मान्यता है कि नौतपा तेज तपने पर ही मानसून अच्छा रहता है, तापमान भी गिरा**

दरअसल बीकानेर में पारा बढ़ने के बजाय कम हो रहा है। बीकानेर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। जो सामान्य से थोड़ा कम रहा। इसी तरह रात का तापमान भी 30 डिग्री के आसपास अटक रहा है। गुरूवार को जहां बीकानेर पूरे प्रदेश में सबसे गर्म था और तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था। शुक्रवार को ये लुढक कर 42.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। अगर बादलवाही बनी रही तो शनिवार को भी पारा कम रहेगा। नौतपा कमजोर रहने के साथ ही अब मानसून को लेकर आशंका जताई जा रही है।

दरअसल मान्यता है कि नौतपा तेज तपने पर ही मानसून अच्छा रहता है। नौतपा के बीच बारिश होने से इसे नौतपा का गलना बोलता है। ऐसे में इस बार तीन बार हल्की बारिश बीकानेर में हो चुकी है। राजस्थान के कई अन्य हिस्सों में हल्की व तेज बारिश हुई है।

पानी की टंकी पर चढ़ा सांड

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के नेतेवाला गांव में शनिवार सुबह एक सांड 30 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। यह नजारा देख ग्रामीण हैरान रह गए। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब सांड को टंकी की मुंडेर पर खड़ा देखा तो वहां भीड़ जुट गई। लोगों ने मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किए।

जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत सरपंच अनीता विनोद ताखर मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों ने सांड को नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन टंकी की ऊंचाई और संकरी सीढ़ियों के कारण परेशानी आई। सांड टंकी की मुंडेर के पास खड़ा रहा। नीचे गिरने का खतरा बना रहा। ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। सांड की जान को खतरे में देख पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर रेस्क्यू शुरू किया। पशु चिकित्सा विभाग और फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया।

गंगनहर में पानी की आवक बढ़ने से खरीफ फसलों की बुवाई शुरू

श्रीगंगानगर, (कासं)। किसानों के लिए राहत की खबर है। पंजाब से बीकानेर कैनाल में पानी का प्रवाह बढ़ा दिया गया है। पंजाब में आरडी 45 से बीकानेर में पानी की मात्रा गत दिवस 2,400 क्यूसेक से बढ़कर 2532 क्यूसेक हो गई।

- **पंजाब से बीकानेर कैनाल में पानी का प्रवाह बढ़ाया**
- **गंगकैनाल में खंखा हैड पर 2016 क्यूसेक आवक**

इस कारण हमारे यहां भी राजस्थान बॉर्डर के खखां हैड पर गंगनहर में पानी का प्रवाह गत दिवस से 89 क्यूसेक बढ़कर 2016 क्यूसेक हो गया। गंगनहर में पानी की आवक बढ़ने के साथ ही अब किसानों ने खेतों में सिंचाई कर खेत तैयार करने के साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई शुरू कर दी है।

नरमा-कपास की बुवाई का अनुकूल समय एक से बीस मई तक था। अनुकूल समय में नहरों में सिंचाई पानी के अभाव में किसान सिर्फ 60 हजार हेक्टेयर में ही नरमा-कपास की बुवाई कर पाए। जिले में कृषि विभाग की ओर से इस बार 1,76,400 हेक्टेयर नरमा-कपास की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक एक लाख हेक्टेयर में नरमा-कपास की बुवाई हो चुकी है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक 1.5 लाख हेक्टेयर तक आगामी दो-तीन दिन में बुवाई होने की उम्मीद है। गंगनहर से जुड़ी नहरों में वरीयता क्रम के अनुसार पानी प्रवाहित हो रहा है। समेजा, जैड, वाई, करणीजी, फार्म, एच, डी साधुवाली, नेतेवाला, हिरणांवाली,बाइफरकेशन, रिड़मलसर, एचएच नहर में पानी प्रवाहित हो रहा है।

डॉ. सतीश शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि श्रीगंगानगर ने कहा कि समेजा, जैड व करणीजी वितरिका में सात दिन पानी प्रवाहित हो चुका है। अब वरीयताक्रम पूरा होने के साथ ही शनिवार को आरबी, एमएलए व केके वितरिकाओं में पानी का प्रवाह शुरू हो जायेगा। नहरों में सिंचाई पानी मिलने से बोई गई खरीफ फसलों में किसान सिंचाई कर सकेंगे। साथ ही फसलों की बुवाई भी कर रहे हैं। बागवानी व हरी सब्जियों की फसलों में भी सिंचाई हो सकेगी।

तंबाकू के सेवन से जानलेवा कैंसर जैसी बीमारियां फैलती है : डॉ. साध

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्थानीय संघ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, राजस्थान के स्टेट सहायक कमिश्नर राजेन्द्र जोशी थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध रहे। कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर समन्वय एवं प्राचार्य पिंकी जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक स्टेट कमिश्नर स्काउट राजेन्द्र जोशी ने संभागियों को कहा कि तंबाकू सामाजिक जीवन में बड़ी चुनौती है, समाज के हर अंग को आगे बढ़कर तंबाकू सेवन न करने के लिए संकल्पित होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुखराज साध ने कहा कि कैंसर का मुख्य कारक तंबाकू है। तंबाकू के सेवन से जानलेवा बीमारियां फैलती है और सभी बच्चों को अपने आस-पड़ौस में तंबाकू सेवन न करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि हर विद्यार्थी को यह शपथ लेनी चाहिए कि वह अपने जीवन में तंबाकू से बने पदार्थ का उत्पादों का सेवन नहीं करेगा एवं अपने परिवार के सदस्यों को भी सचेत करने में सहायता करेगा। इस अवसर पर शिविर के संभागियों द्वारा तंबाकू निषेध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं बने हुए पोस्टर की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बच्चों ने पोस्टर बनाकर तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने का संदेश दिया।

- **हर विद्यार्थी को यह शपथ लेनी चाहिए कि वह अपने जीवन में तंबाकू से बने पदार्थ का उत्पादों का सेवन नहीं करेगा**

पेयजल सप्लाई नियमित करने की मांग

बीकानेर, (कासं)। रानी बाजार के पास स्थित जेलवेल टंकी के जलदाय विभाग से परदेसियों की बगीची के पास के मोहल्ले में पेयजल सप्लाई को नियमित संचालित करने की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने ज्ञापन सौंपा।

मोहल्लावासियों ने बताया कि जेलवेल टंकी से सप्लाई होने वाले पेयजल परदेसियों की बगीची, रानी बाजार में नियमित रूप से नहीं हो रहा है। साथ ही पेयजल सप्लाई कुछ देर के लिए ही दी जा रही है। इस भीषण गर्मी में पेयजल की आमजन को ज्यादा जरूरी है लेकिन विभाग द्वारा पेयजल की सप्लाई कभी दिन में तो कभी देर रात कुछ मिनटों के लिए ही दी जा रही है। क्षेत्र के कई लोगों को पेयजल के लिए मजबूरन पानी के टैंकर डलवाने पड़ रहे है। मोहल्लेवासियों ने रोष जताते हुए जलदाय विभाग के अधिकारियों को परदेसियों की बगीची क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई नियमित और ज्यादा देर तक करवाने की मांग की है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.5.2025
श्री सुरेश सेतिया पुत्र श्री रामदयाल सेतिया एवं श्री अश्वनी कुमार सेतिया पुत्र श्री केवल कृष्ण सेतिया निवासी श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 07.05.2025 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए संपूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	पट्टे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	पट्टा सं. 1056 दिनांक 01.11.1990 को श्री दिनेश कुमार उपाध्याय पुत्र श्री रामचन्द्र उपाध्याय के नाम से भू-रूपांतरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है।	चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 17 में भूखंड संख्या 54 माप 283.33 वर्गगज	आवेदित माप 283.33 वर्गगज

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामलें का तद्नुसार निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। Rajkaj Ref. No. 15533550 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 30.5.2025
श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री साहबराम जाति कुम्हार निवासी 99 बी विकास नगर, चहल चौक, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 03.08.2023 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए संपूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	पट्टे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 15 के किला नं. 18, 19 में भूखंड माप 40 गुणा 40 फीट का पंजीकृत बैयनामा/उपहार शुदा भूखंड है। नियमन/पट्टा जारी किया जाना है।	चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 15 के किला नं. 18, 19 में भूखंड माप 40 गुणा 40 फीट	चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 15 के किला नं. 18, 19 में भूखंड माप 40 गुणा 40 फीट श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री साहबराम को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र प्राप्त हुआ है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामलें का तद्नुसार निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। Rajkaj Ref. No. 15604810 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 31.5.2025
श्री राकेश कुमार पुत्र श्री चुनीराम निवासी बींझबाल्ला तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 29.09.2017 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए संपूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	पट्टे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	पट्टा सं. 174 दिनांक 13.06.1985 को श्री राकेश कुमार पुत्र श्री चुन्नीराम के नाम से भू-रूपांतरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है।	चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 किला नं. 16 माप 250 वर्गगज श्रीगंगानगर	आवेदित माप 37.6 इंटू 60 फीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामलें का तद्नुसार निप